भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.06.2025

## आरेडिका में प्रमोटी अधिकारी संघ की ईसीएम का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के अधिकारी क्लब में आरेडिका के प्रमोटी अधिकारी संघ की मीटिंग का आयोजन दिनांक– 28.06.2025 को किया गया। जिसमें महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मीटिंग में भारतीय रेलवे प्रमोटी अधिकारी महासंघ के केन्द्रीय पदाधिकारी तथा विभिन्न रेलवे से प्रमोटी अधिकारी महासंघ के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

भारतीय रेलवे प्रमोटी अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष दीपक राज राय, जनरल सैक्रेटरी अमित जैन एवं वरिष्ठ सलाहकार एच सी यादव ने मीटिंग में सहभागिता की। आरेडिका प्रमोटी अधिकारी संघ के अध्यक्ष आर.एन. तिवारी, सचिव महाप्रबन्धक एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं जनरल सैक्रेटरी एल.बी. सिंह मौर्या उप मुख्य इंजीनियर सिविल ने सभी आगुन्तको का स्वागत किया।

मीटिंग में आरेडिका प्रमोटी अधिकारी संघ की नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति सेएन.के. वर्मा उप मुख्य यात्रिक अभियंता को आरेडिका महासंघ के अध्यक्ष, अनिल श्रीवास्तव जनसम्पर्क अधिकारी को महासंघ का जनरल सेक्रेटरी, संतोष कुमार गुप्ता सहायक वित सलाहकार को कोषाध्यक्ष, सतिन्द्र कुमार को उपाध्यक्ष, राम रंजन, नीरज श्रीवास्तव, मुकेश वर्मा, दिनेश कुमार, को संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया।

इक्जीक्यूटिव कमेटी मीटिंग में आरेडिका के प्रमोटी ऑफिसर्स से संबंधित मुददों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं समाधान स्वरूप निर्णय लिये गये। इस मीटिंग में भारतीय रेलवे प्रमोटी अधिकारी महासंघ के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने भारतीय रेल में संगठन के लिए किये जा रहे कार्यो के एवं प्रगति के बारे में बताया गया।

संगठन के वित सचिव श्री संतोष गुप्ता ने संगठन के आय व्यय संबंधित विवरण प्रस्तुत किये।

आरेडिका के महाप्रबन्धक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अपना अमुल्य समय देकर अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। आरेडिका प्रमोटी आफिसर्स एसोसियेशन ने संगठन के लिए उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके साथ साथ सायं में.आरेडिका से इस जून माह में रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे 4 वरिष्ठ अधिकारियों जिनमें मनोज कुमार पाण्डेय, चीफ प्लानिंग इंजीनियर, शिशिरकांत मिश्रा चीफ क्वालिटी मैनेजर, एल बी सिंह मौर्या उप मुख्य इंजीनियर सिविल एवं विनय कुमार सैनी सहायक कार्यशाला प्रबन्धक हैं का प्रमोटी आफिसर्स एसोसिएशन की ओर से विदाई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

28/6/2025

(आर.एन.तिवारी)
अध्यक्ष प्रमोटी अधिकारी संघ/आरेडिका